No. of Printed Pages : 5

एफ.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2014

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 250 – 300 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।

1. कार्यवृत्त और कार्यसूची में अन्तर स्पष्ट करते हुए कार्यवृत्त लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए । *10*

अथवा

सर्जनात्मक लेखन की भाषा के विभिन्न रूपों को स्पष्ट कीजिए ।

2. 'एकलव्य के नोट्स' के प्रतिपाद्य को रेखांकित कीजिए । *10*

अथवा

'प्रभावी लेखन' की विशेषताएँ बताइए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।

3. लिखित सम्प्रेषण का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि उसमें किन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है । *5*

अथवा

मोहन राकेश की डायरी की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

4. 'भाव पल्लवन' का आशय उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *5*

अथवा

जीवनी साहित्य की पाँच विशेषताएँ बताइए ।

5. अपनी किसी यात्रा को आधार बनाकर एक यात्रा-वृत्तांत लिखिए । *5*

अथवा

किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके अपने मित्र को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

खण्ड ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए : *5×1=5*

(क) 'संवाद' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) रचना में प्रस्तावना का महत्त्व बताइए ।

(ग) रेडियो और टेलीविज़न में अन्तर बताइए ।

(घ) भाषा के दो रूप कौन-से हैं ?

(ङ) 'आंगिक सम्प्रेषण' किसे कहते हैं ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए : *10×1=10*

(क) संवाद के लिए आवश्यक है

(i) टेलीविज़न के कार्यक्रम

(ii) दो या दो से अधिक लोगों का होना

(iii) समाचार-पत्र का प्रकाशन

(iv) रेडियो समाचार

(ख) लिखित सम्प्रेषण का माध्यम है

(i) आँख

(ii) वाणी

(iii) हाथ

(iv) लिपि

(ग) टेलीविज़न पर प्रसारित होने वाला साक्षात्कार कार्यक्रम है

(i) आपकी अदालत

(ii) विदाई

(iii) कहानी घर-घर की

(iv) पीहर

(घ) आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित महादेवी वर्मा के संस्मरण में जिक्र है

(i) मृदुला गर्ग का

(ii) आशापूर्णा देवी का

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान का

(iv) इंदिरा गोस्वामी का

(ङ) निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है ?

(i) अतीत के चलचित्र – रेखाचित्र

(ii) माटी की मूरतें – संस्मरण

(iii) स्मृति लेखा – जीवनी

(iv) आवारा मसीहा – आत्मकथा

(च) ग्राहक और विक्रेता के बीच __________ का व्यवहार होता है ।

(i) सरकारी-पत्र

(ii) निमन्त्रण-पत्र

(iii) व्यवहार-पत्र

(iv) व्यावसायिक-पत्र

(छ) 'ल्हासा से उत्तर की ओर' में राहुल जी ने निम्नलिखित में से किसका उपयोग ***नहीं*** किया है ?

(i) दंतकथाओं का

(ii) जनश्रुतियों का

(iii) लोकगीतों का

(iv) कहावतों का

(ज) आपके पाठ्यक्रम में किसकी डायरी के अंश को शामिल किया गया है ?

(i) महादेवी वर्मा

(ii) फणीश्वरनाथ रेणु

(iii) मोहन राकेश

(iv) मुक्तिबोध

(झ) जब वक्ता एक हो और श्रोता अनेक हों – तब वार्ता का रूप होता है

(i) एकालाप

(ii) भाषण

(iii) चिंतन

(iv) संवाद

(ञ) रचना का सुसंगत प्रारंभ विषय में पाठक की __________ को बढ़ाता है ।

(i) योग्यता

(ii) हिम्मत

(iii) रुचि

(iv) अहंकार

———